<u>हिंदी</u>

- दिए गए प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त विकल्प चुनकर दीजिए-

(1) भाषा की सबसे छोटी इकाई को इनमें से क्या कहते हैं?

(1) स्वर (2) व्यंजन (3) वर्ण (4) अनुस्वार

(2) संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्दों को क्या कहते हैं?

(1) क्रिया (2) विशेषण (3) पर्यायवाची शब्द (4) सर्वनाम

(3) शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए-

(1) परंपरिक (2) परंपराइक (3) पारंपारिक (4) पारंपरिक

(4) इनमें से हिंदी भाषा की लिपि कौन सी है?

(1) रोमन (2) फ़ारसी (3) देवनागरी (4) गुरुमुखी

(5) 'बच्चा' शब्द को भाववाचक संज्ञा में परिवर्तित करने पर कौन सा शब्द बनेगा?

(1) बच्चे (2) बच्चों (3) बचन (4) बचपन

(6) 'पंडित जी ने <u>कथा</u> सुनाई' इस वाक्य में रेखांकित शब्द का बहुवचन चुनिए-

(1) कथन (2) कथाइयाँ (3) कथे (4) कथाएँ

(7) अपने भावों और विचारों को बोलकर प्रकट करना क्या है?

(1) हिंदी भाषा (2) मौखिक भाषा (3) लिखित भाषा (4) सांकेतिक भाषा

(8) ‘साथ पढ़ने वाला’ वाक्य के लिए उपयुक्त वाक्यांश क्या होगा?

(1) साथी (2) छात्र (3) शिक्षक (4) सहपाठी

(9) इनमें से ‘नृप’ शब्द के उपयुक्त पर्यायवाची शब्द कौन से हैं?

(1) नयन, नेत्र, लोचन

(2) कमल, जलज, पंकज

(3) राजा, भूप, भूपति

(4) नारायण, प्रभु, भगवान

(10) मित्र को पत्र लिखना इनमें से पत्र का कौन सा प्रकार है?

(1) असामाजिक (2) औपचारिक (3) अनौपचारिक (4) औचारिक

(11) ‘मेरे मामाजी कल आगरा जाएँगे’। इस वाक्य के लिए उपयुक्त काल बताइए-

(1) भूतकाल (2) भविष्यत् काल (3) वर्तमान काल (4) देशकाल

(12) ‘हिमालय’ शब्द का उपयुक्त वर्ण- विच्छेद क्या होगा?

(1) हि + मा +आ +ल +अ +य

(2) ही+ मा + आ+ ल+ अ+ य

(3) ह+ इ+ म+ आ+ ल+ अ+ य+ अ

(4) ह + ई+ म+ आ+ ल+ आ+ य+ अ

(13) ‘हाथ मलना’ मुहावरे का उपयुक्त अर्थ_________ है।

(1) हाथ में खुजली होना

(2) पछताना

(3) हाथों की मालिश करना

(4) पीछा छुड़ाना

(14) ‘बाग में <u>सुंदर</u> फूल खिले है’ । इस वाक्य में रेखांकित शब्द इनमें से क्या है

(1) विलोम शब्द (2) क्रिया विशेषण (3) विशेषण (4)संज्ञा

(15) ‘क्’ तथा ष् व्यंजनों के मिलने पर कौन सा संयुक्त व्यंजन बनता है?

(1) ज्ञ (2) त्र (3) ऋ (4) क्ष

(16) ‘अनुमान’ शब्द में ‘अनु’ क्या है?

(1) प्रत्यय (2) अनुनासिक (3) उपसर्ग (4) आगत स्वर

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय-सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया उसके लिए कोई भी काम करना असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस को वे समय की कमी के बहाने छिपाते हैं। कुछ लोगों को अकर्मण्य रह कर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता में जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है । समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता।

- उपर्युक्त गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों (17- 20) के उत्तर दीजिए-

(17) विद्यार्थी को सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है?

(1) समय की दुहाई देना

(2) समय की कीमत समझना

(3) समय पर काम करना

(4) दृढ़ विश्वास बनाए रखना

(18) कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छुपाते हैं?

(1) अपनी अकर्मण्यता और आलस्य

(2) अपना निठल्लापन

(3) अपनी विभिन्न कमियां

(4) अपना बातूनीपन

(19) दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है?

(1) समय का पालन

(2) समय का प्रयोग

(3) समय की कीमत

(4) समय का सदुपयोग

(20) 'अकर्मण्यता' शब्द का अर्थ इनमें से क्या होगा?

(1) कार्य करना। (2) समय का सदुपयोग। (3) आलसीपन

(4) कर्म करते रहना